तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4
ढपढप में उमड़ा आस्था का सागर, 21 हजार महिलाओं की भव्य कलश यात्रा से गूंज उठा पूरा क्षेत्र



## खबर संक्षेप

### श्री गुजराती समाज की नई कार्यकारिणी गठित

**कोरबा।** राम नवमीं के अवसर पर श्री गुजराती समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। आयोजित बैठक में मनोज शर्मा को सर्वसम्मति से समाज का अध्यक्ष चुना गया। श्री शर्मा ने कहा कि वरिष्ठों के अनुभव और युवाओं की ऊर्जा के समन्वय से समाज सेवा के कार्यों को नई दिशा दी जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। समाज को मजबूत आधार देने के लिए संरक्षक मंडल में शांतिलाल भाई चौहान, नानजी भाई पटेल, कांति भाई पटेल, पचान भाई पटेल, धीरेन भाई संघवी और नलिन भाई शाह को शामिल किया गया है। वहीं मार्गदर्शक मंडल में विनोद भाई चावड़ा, त्रिभुवन भाई चौहान, दिनेश वल्लभ भाई पटेल, वल्लभ भाई मकवाना, प्रदीप भाई चौहान और मनसुख भाई (एमएल) पटेल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्य जुड़े हैं। नई कार्यकारिणी में अतुल चौहान को सचिव और पियूष राठौड़ को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर रोहित शाह, अतुल शाह, विशाल चावड़ा और भरत मकवाना को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ी

**कोरबा।** शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाईट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, तथा संस्थाओं के प्राचार्यों/संस्था प्रमुखों, छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है, की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन (नवीन, नवीनीकरण) हेतु अंतिम तिथि 27 मार्च तक, संस्थाओं द्वारा प्रपोजल लाक कर सहाय आयुक्त आदिवासी विकास को प्रेषित करने की तिथि 29 मार्च शासकीय संस्था, जिला कार्यालय द्वारा सेन्शन आर्डर लाक करने की तिथि 30 मार्च तक निर्धारित की गई है।

### युवक की पिकअप से नहीं बल्कि कार की टक्कर से हुई थी मौत

**सेदम।** लुचकी घाट के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी जबकि मृतक का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में पिकअप की टक्कर से मौत हो जाने की बात सामने आई थी लेकिन गत दिन आईसीयू से छुट्टी होने पर घायल ने बताया कि पिकअप से नहीं बल्कि सफेद रंग की कार की चपेट में आने से उसके साथी की मौत हुई थी। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सेदम निवासी ईश्वर साहू आ. हरिशचंद्र साहू (35 वर्ष) 21 मार्च को किसी काम के सिलसिले में सेदम उरांव पारा निवासी सोने लाल आ. घूरा (23 वर्ष) के साथ बाइक से शहर आए थे। दोपहर को दोनों बाइक क्रमांक सीजी 14 एमटी 1939 से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लुचकी घाट पर पहुंचे तभी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण प्रशासन ने बड़े वाहनों को रोक दिया था, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई थी। मार्ग संकरा हो गया था। इसी बीच सेदम की ओर जा रहे बाइक में सवार 2 युवक पीछे से आ रहे ट्रक को साइड देने के दौरान असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे गिरे हुए युवकों को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया।

## कटघोरा वन मंडल के केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम सखोदा परिसर की घटना

# करंट की चपेट में आने से मादा भालू सहित दो शावक की मौत, लाइनमेन के खिलाफ अपराध दर्ज



मृत भालूओं का दाह संस्कार करते वन विभाग के कर्मचारी।



मतृ शावक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में विचरण कर रहे एक मादा भालू और उसके दो शावक 11केवी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई है। मामले में वन विभाग की टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर अंतिम संस्कार कर दिया है और वहीं मामले की जांच के उपरांत वन विभाग ने बिजली विभाग के एक कर्मचारी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है।

मामला कटघोरा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम सखोदा में घटित हुई है। बताया जाता है कि एक मादा भालू अपने दो नन्हें शावकों के साथ जंगल में विचरण कर रहा था। इसी दौरान विद्युत प्रवाहित 11 केवी तार के संपर्क में आ जाने से मादा भालू और उसके दोनों शावकों की मौत हो गई है। एक साथ तीन भालूओं की मौत की सूचना मिलते ही वन विभाग में भी हड़कंप मच गया और वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की बारीकी से जांच की गई। मामले में पशु चिकित्सकों की टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को अंतिम संस्कार कर दिया है। वन विभाग की टीम ने मामले की प्रारंभिक जांच की है जिसके उपरांत वन विभाग ने पाया है कि ग्राम सखोदा परिसर में 11केवी की लाईन स्थापित की गई थी जो उक्त लाईन बिना पूर्व अनुमति के स्थापित की गई है उक्त प्रकरण में वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन हुआ है जिसपर वन विभाग ने लाईन मेन राम प्रताप के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर छग राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने भी लाईन मेन के खिलाफ कार्यवाही को गलत बताते हुए कलेक्टर से मामले की लिखित शिकायत की है।

### विद्युत विभाग के अधिकारियों से मांगी गई जानकारी

केंदई रेंज में 11केवी तार के संपर्क में आने से एक मादा भालू और उसके दो शावकों की मौत हुई है। मामले की जांच उपरांत बिजली विभाग के कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से पूरे प्रकरण की जानकारी मांगी जा रही है। वन्य प्राणी क्षेत्र है इसलिए इस इलाके में आईसोलेटेड वायर लगाया जाना चाहिए।

- **कुमार निशांत,** वनमंडलाधिकारी कटघोरा

### विद्युतकर्मी को गलत तरीके से बनाया गया आरोपी

कटघोरा वन मंडल में मादा भालू सहित दो शावकों की की मौत के मामले में छग राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने कलेक्टर से लिखित में शिकायत दर्ज करायी है कि विद्युत कर्मचारी के खिलाफ की गई कार्यवाही गलत है। उन्होंने अपने पत्र में जिक्र किया है कि उक्त घटना पूर्णतः प्राकृतिक आपदा के कारण घटित हुई है जिसमें क्षेत्र के विद्युतकर्मी लाइनमैन की कोई गलती या लापरवाही नहीं है। उक्त तार टूटने एवं सुधार के संबंध में कोई सूचना वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति के द्वारा विद्युत विभाग को नहीं दी गई है जिससे कि सुधार कार्य किया जा सके। इसके बावजूद संबंधित वनमण्डलाधिकारी एवं रेंजर द्वारा निष्पक्ष जांच एवं वास्तविक परिस्थितियों पर गौर किए बिना ही एक निर्दोष विद्युतकर्मी लाइनमेन को आरोपी बनाकर उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। परिस्थितियों के मद्देनजर विद्युतकर्मी को दोषी ठहराना कतई न्यायसंगत नहीं है। जनता यूनियन ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करने की मांग और निर्दोष विद्युतकर्मी पर दर्ज प्रकरण तत्काल निरस्त करने के साथ साथ जवाबदार अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

# लैब जा रही युवती पर युवक ने चाकू से किया जानलेवा हमला



अस्पताल में भर्ती घायल युवती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 22 वर्षीय युवती रोज की तरह अपने घर से पैदल-पैदल अपने निहारिका स्थित कार्य स्थल जा रही थी कि इस दौरान एक अज्ञात युवक पहुंचा और युवती पर चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया। युवती को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। घटना सामने आते ही सिविल लाईन पुलिस हरकत में आयी और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की खोजबीन की जा रही है। आरोपी ने युवती पर क्यों और किस लिए हमला किया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस निवासी आशा खैरवार 22 वर्ष पिता गोकुल प्रसाद खैरवार निहारिका स्थित एक निजी लैब में स्टोर कीपर का काम करती है। बताया जाता है कि रोज की तरह आशा खैरवार शुक्रवार की सुबह लगभग 10:45 बजे पैदल पैदल अपने घर से ऑटो में सवार होने के लिए सीएसईबी चौक जा रही थी कि इसी दौरान पंचवटी विश्राम गृह के ठीक पहले पहुंची थी कि इसी दौरान पीछे से बाइक सवार युवक पहुंचा और आव देखा ना ताव और सीधे युवती पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। चाकू बाजी की घटना होते ही वहां आसपास उपस्थित लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। युवती को गंभीरावस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया की युवती पर किसने और क्यों हमला किया है या अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचने का प्रयास कर रही है और पुलिस विभिन्न बिंदुओं को लेकर मामले की तहकीकात कर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा कि आखिरकार क्यों और किस लिए युवक ने जानलेवा हमला किया है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

# टूटी रेलिंग, लापरवाह पीडब्ल्यूडी कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



रेलिंग विहिन पुल।

कटघोरा नगर का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग इन दिनों गंभीर खतरे की चपेट में है। बिलासपुर–अम्बिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर स्थित अहिरन नदी का पुल अब लोगों के लिए सुविधा नहीं बल्कि जानलेवा साबित होता जा रहा है। पुल की दोनों ओर लगी लोहे की रेलिंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे हर दिन हजारों वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पुल के एक तरफ की रेलिंग आधे से ज्यादा टूट चुकी है, जबकि दूसरी तरफ भी कई जगहों पर रेलिंग गायब है। ऐसे में खासकर छोटे वाहन चालकों और दोपहिया सवारों के लिए पुल पार करना किसी खतरे से कम नहीं है। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। यह पुल न केवल कटघोरा शहर का मुख्य मार्ग है, बल्कि इसी रास्ते से लंबी दूरी की बसें, भारी वाहन और चार पहिया वाहन दिन-रात गुजरते हैं। ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह नदारद है। बताया जा रहा है कि यह पुल ब्रिटिश काल में बना था और वर्तमान में इसका रखरखाव लोक निर्माण विभाग के जिम्मे है। लेकिन विभाग की लापरवाही साफ नजर आ रही है। महीनों से टूटी रेलिंग को लेकर कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया है, जबकि यहां आए दिन छोटे-मोटे हादसे होते रहते हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने लोक निर्माण विभाग को दो बार लिखित रूप में सूचना दी है, लेकिन विभाग अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सका है। स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए हो गई है क्योंकि 28 मार्च से ढपढप में 5 दिवसीय श्री दिव्य हनुमत कथा का भव्य आयोजन शुरू होने जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शामिल होंगे, जो कटघोरा के अग्रसेन भवन में ठहरेंगे। इस दौरान श्रद्धालुओं और वाहनों की संख्या में भारी वृद्धि होना तय है। ऐसे में सवाल उठता है क्या लोक निर्माण विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? यदि समय रहते पुल की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई, तो यह लापरवाही कभी भी बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है।

# लूट के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कुछ दिनों पूर्व एक युवक ग्राम तिलकेजा से अपने जीजा के घर मानिकपुर घूमने आया हुआ था। जो एक दिन रुकने के बाद वापस अपने घर तिलकेजा जा रहा था कि रात्रि लगभग 2 बजे मानिकपुर बाजार के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर उसके पास नगदी रकम सहित मोटर साइकिल की लूटपाट कर फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौकी मानिकपुर में लूट की घटना का त्वरित खुलासा किया गया है। तिलकेजा दर्री निवासी योगेश कुमार केंवट ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 मार्च को अपने जीजा के घर मानिकपुर आया था। जो गुरुवार की रात्रि लगभग 2 बजे वापस जाते समय मानिकपुर बाजार के पास कुछ अज्ञात आरोपियों द्वारा उसे रोककर हाथ-मुक्का से मारपीट करते हुए उसकी हीरो एचएफ डीलक्स मोटर सायकल एवं नगदी रकम 2 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए हैं। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान उरगा पुलिस ने मानिकपुर निवासी फैजल अहमद अंसारी उर्फ अमन एवं विजय चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। दोनों आरोपियों ने रात्रि में योगेश कुमार के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 एबी 8037 एवं नगदी राशि बरामद की गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बनाने वाला युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** कोनी क्षेत्र में अवैध शराब बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जलसो निवासी जंतरी लाल सूर्यवंशी अपने घर के बाड़ी में हाथ भट्टी के सहारे अवैध शराब बनाता है। पुलिस ने रेड की कार्रवाई करते हुए आरोपी जंतरी लाल सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हाथ भट्टी से निर्मित अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने बाड़ी से 2 डिब्बे में 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत आरोपी जंतरी लाल सूर्यवंशी पिता गणेश राम उम्र 49 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कान फोड़ू डीजे को पुलिस ने किया जब्त

**बिलासपुर।** डीजे की धुन पर कोलाहल मचाने वाले पर तखतपुर पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान पुलिस ने वाहन सहित डीजे सेट जब्त कर लिया है। मामले के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कुंआ में 25 मार्च को मानक क्षमता से अधिक आवाज में डीजे बजाया जा रहा है।टीआई विवेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले साउण्ड संचालक के विरुद्ध अधिक मात्रा में साउंड बॉक्स, एवं वाहन क्रमांक सीजी 10 एआर 8856 में डीजे सेट पाया गया। मोढ़े गांव के डीजे संचालक ज्ञान प्रकाश कैवर्त पिता रामचरण कैवर्त उम्र 22 वर्ष पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान इस संबंध में प्रशासन की अनुमति संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने पर ध्कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत कार्रवाई कर बेस बाक्स 4 नग, टाप बाक्स 2 नग, हाईस टयुटर 2 नग, एम्पलीफायर 2 नग, पार लाईट 2 नग जब्त किया गया है।

सड़क की चौड़ाई के हिसाब से डिवाइडर की ऊंचाई में कहीं भी समानता नहीं, ट्रैफिक होगा जाम

# ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का खेल, जरूरत नहीं फिर भी शहर भर में बना रहे चौड़े और ऊंचे डिवाइडर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारी हर संभव कोशिश करते हैं। बिलासपुर में तो ऐसा सालों से चला आ रहा है। बिना जरूरत ठेके का खेल शहर को तोड़फोड़ से मुक्ति ही नहीं दिला पा रहा है। ताजा मामला शहर भर में बन रहे डिवाइडरों का है। यह डिवाइडर इतने चौड़े और ऊंचे हैं कि इन्हें देखकर ही डर लगता है।

संकरी सड़कों पर बनाए जा रहे इन डिवाइडरों से शहर भर में जाम लगने की आशंका है। यही नहीं सड़कें जो थोड़ी बहुत चौड़ी हुई भी थीं वह फिर से सिमटकर रह जा रहीं हैं। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से डिवाइडर की ऊंचाई (9 इंच से 15 इंच तक) में कहीं भी समानता नहीं है। देवकीनंदन चौक से लेकर संतोष भुवन चौक तक की सड़क हो या फिर दयालबंद की सड़क। इसके अलावा अग्रसेन चौक वाली सड़क में भी यही डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। इन डिवाइडरों की जरूरत क्या है या फिर किस उपयोग आएंगे, यह भी बताने वाला कोई नहीं है। दरअसल नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच 32 करोड़ रुपए की सड़क बनाई जा रही है। इसमें कंपनी गार्डन के सामने बनाए जा रहे डिवाइडर की ऊंचाई जरूरत से ज्यादा कर दी गई है। लोगों के विरोध और लगातार शिकायत के बाद विभागीय अधिकारी कहते हैं कि डिवाइडर की ऊंचाई कम की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक सड़क पर दस मीटर लंबाई में डिवाइडर बनाया जा चुका है, जिसे ठीक करने अब ऊपर से ऊंचाई कम की जाएगी। जाहिर है इसके लिए फिर से वही काम होगा। पहले बनाओ, फिर तोड़ो और फिर बनाओ। इसके लिए ठेकेदार जाहिर तौर पर अलग से भुगतान भी लेगा।

### 60 फिट की सड़क पर ऊंचे डिवाइडर

दयालबंद वाली सड़क थोड़ी चौड़ी होकर लगभग 60 फिट की है। इस सड़क पर पहले से डिवाइडर था। सड़क खराब थी और उसकी मरम्मत बस ठीक से करने की जरूरत थी लेकिन अधिकारियों ने इसमें भी कमाई का रास्ता खोज लिया और पूरी सड़क की डिवाइडर उखाड़ी जा रही है। यहां भी चौड़े और ऊंचे डिवाइडर बनाए जांएगे। तोड़फोड़ भी बिना पर्याप्त सुरक्षा-लाइट के किए जा रहे हैं। दिन से लेकर रात तक इस सड़क पर सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं और ठेकेदार के कर्मचारी बड़ी-बड़ी मशीन लेकर डिवाइडर तोड़ने देखे जा सकते हैं।



### 30 फिट की सड़क में दोनों तरफ नाली भी

अग्रसेन चौक से बस स्टैंड चौक वाली सड़क में भी डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। शुरुआत में ही निर्माण कंपनी ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। जहां सड़क चौड़ी नहीं है वहां भी डिवाइडर बनाए जा रहे हैं। इस हालत में ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है और हादसे की आशंका भी बढ़ गई है। काम भी धीमी गति से चल रहा है। बीच में डिवाइडर बनने के बाद मुश्किल से सड़क 30 फिट की बच रही है। इसमें दोनों तरफ 15-15 फिट होने के बाद नाली भी है। देखा जाए तो यह सड़क हैवी ट्रैफिक वाली है। इस कारण आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी बढ़नी तय है।

### लोग होंगे परेशान, व्यवसाय होगा प्रभावित

देवकीनंदन चौक, अग्रसेन चौक में बन रहे इन डिवाइडरों के कारण लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है। इससे पहले यहां के डिवाइडर पतले और छोटे थे। संकरी सड़क पर पैदल चलने वाले लोग रोड आसानी से क्रास कर लेते थे। अब इन्हें संतोष भुवन चौक के आगे से घूमकर आना और जाना होगा। जाहिर है इन चौकों पर जाम लगेगा। इसी तरह इस निर्णय से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है, जिससे गाड़ियां ओवरटेक नहीं कर पातीं और मोड़ों पर वाहनों के टकराने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही, इससे पैदल चलने वालों के लिए सड़क पार करना और अधिक जोखिम भरा हो गया है। दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित होगा।

### लोगों को हो रही परेशानी

देवकीनंदन चौक से लेकर संतोष भुवन तक बनाए जा रहे 6 फिट ऊंचे डिवाइडर के कारण डबरीपारा वाला मार्ग बंद हो गया है। इससे परेशानी हो रही है। शहर के सबसे पुराने रास्ते में यह डिवाइडर बनाए जाने के कारण आने वाले दिनों में काफी परेशानी होगी। इस रास्ते से अक्सर सामाजिक और धार्मिक शोभायात्रा भी निकलती है। व्यापारी महासंघ की ओर से मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

**- अनिल तिवारी,**
महामंत्री, व्यापारी संघ

## स्पेशल आर्म स्टाफ का पैसा लेकर भागा सफाई कर्मी




**बिलासपुर।** नागपुर से असम तक चुनाव ड्यूटी करने वाले स्पेशल आर्म स्टाफ ने एक सफाई कर्मचारी को कुछ सामान लाने के लिए पैसा दिया और वह उसे लेकर भाग गया। स्टाफ ने इसकी शिकायत रेल मदद में की। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने से पहले आरपीएफ ने कंट्रोल रूम की सूचना पर खोजबीन करने के बाद सफाई कर्मी से पैसा वापस लेकर आर्म स्टाफ के परिजन के सुपुर्द कर दिया।

आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार 24 मार्च को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर से रेल मदद के माध्यम से सूचना मिली कि शिकायतकर्ता स्पेशल आर्म पुलिस के प्रधान आरक्षक नीरज तिवारी इलेक्शन स्पेशल ट्रेन में नागपुर से असम तक इलेक्शन ड्यूटी हेतु जा रहे थे। बिलासपुर स्टेशन में ट्रेन पहुंचने के बाद उन्होंने एक सफाई कर्मचारी को कुछ सामान लाने के लिए पैसा दिया। स्टेशन पर जब तक ट्रेन खड़ी रही, सफाई कर्मचारी पैसों से सामान लेकर स्पेशल आर्म पुलिस तक वापस नहीं आया। स्पेशल आर्म पुलिस ने इसकी शिकायत तत्काल रेल मदद में कर दी। रेल मदद से बिलासपुर आरपीएफ पोस्ट को गाड़ी रवाना होने के बाद जानकारी मिली। उप निरीक्षक एसके मरावी ने शिकायतकर्ता से मोबाइल पर चर्चा की और सफाई कर्मचारी के सुपरवाईजर से संपर्क कर उसकी पहचान कराई गई। इसके बाद सफाई कर्मचारी मोहम्मद खान पिता तैयाब खान को सुपरवाइजर की ओर से बिलासपुर पोस्ट लाया गया। पूछताछ में सफाई कर्मचारी ने बताया कि उनका सामान नहीं मिलने के बाद उसे आने में विलंब हुआ और गाड़ी छूट गई। इसके कारण वह शिकायतकर्ता को पैसे वापस नहीं कर पाया। सफाई कर्मचारी ने आरपीएफ पोस्ट टीए ड्यूटी के चार्ज में पैसा जमा कराया, जिसे शिकायतकर्ता के परिजन आर्या कालोनी तिफरा निवासी संजय यादव पिता जवाहर यादव के सुपर्द कर दिया गया।

## चाकू दिखाकर 50 हजार की लूट आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा

बिलासपुर। नूतन चौक पर चाकू दिखाकर 50 हजार रूपए की लूट करने वाले आरोपी को पुलिस ने धरदबोचा है। पुलिस ने उसके पास से चाकू बरामद की है। वहीं लूट का 7400 रूपए भी जब्त कर लिया है। सरकंडा पुलिस के अनुसार घटना 24 मार्च की है, जब हेमंत कुमार यादव चाय पीने के लिए नूतन चौक सरकंडा पहुंचा था। इस दौरान आरोपी अतुल यादव ने उसके जेब में रूपया दिख लिया था। इस दौरान अतुल की नियत बिगड़ी और उसे न हेंमत का पीछा करते हुए सामुदायिक भवन नूतन कालोनी के सामने रोक लिया। आरोपी ने चाकू दिखाकर डरा धमका कर 50 हजार रूपये की लूट को अंजाम दिया। टीआई प्रदीप आर्य के नेतृत्व में टीम बनाई गई और लंबोदर नगर निवासी अतुल यादव पिता उमेश यादव उम्र 20 वर्ष आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया है। उसने बताया कि सामुदायिक भवन के पास उसने 50 हजार रूपये की लूट की थी, और खाने पीने में ही खर्च रूपए खर्च कर चुका है। उसके पास से पुलिस को 7400 रूपए और स्प्रिंगदार धारदार चाकू बरामद की गई है।

## युवक पर कटर से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए रूपए नहीं देने पर आदतन बदमाश ने युवक पर कटर से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं युवक का इलाज अस्पताल में जारी है। मामले के अनुसार पुराना बसस्टैंड में चखना दुकान चलाने वाले राजकिशोर नगर निवासी जैकी छाबड़ा पिता पूरन लाल छाबड़ा पर बीता रात करीब 10.30 आदतन बदमाश ने हमला कर दिया। आदतन बदमाश भुवनेश्वर पटले ने पहले जैकी से शराब पीने के लिए रूपए की मांग की, इस दौरान जैकी ने साफ मना कर दिया, जिसके बाद भुवनेश्वर ने पहले मारपीट की और बीच बचाव करने पर अपने पास रखे कटर से जैकी पर हमला कर दिया, जिससे उसके पेट और दोनों हाथ लहूलुहान हो गए।



## खबर संक्षेप

### बिजली कनेक्शन विवाद को लेकर पिता की हत्या



**जांजगीर-चांपा।** बिजली कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में पुत्र ने अपने पिता की हत्या कर दी। घटना डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामभांठा की है। इस संबंध में डभरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 26 मार्च की है। सुमित कुमार महिलांगे का अपने पिता मनबोध महिलांगे से बिजली कनेक्शन लेने को लेकर विवाद हुआ। देखतो ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तैश में आकर सुमित कुमार ने अपने पिता पर पाईप से हमला कर दिया। हमला में मनबोध के सिर, चेहरा और आंखों पर गंभीर चोटें आई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग खड़ा हुआ। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना डभरा में धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची एवं जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी सुमित कुमार महिलांगे उम्र 35 वर्ष ने बिजली कनेक्शन को लेकर हुए विवाद में अपने पिता मनबोध महिलांगे पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनके सिर, चेहरे एवं आंख पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में यह भी ज्ञात हुआ कि आरोपी की विगत कुछ वर्षों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसकी पुष्टि के लिए संबंधित तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया गया। घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप आरोपी के कब्जे से विधिवत जप्त किया गया।

### मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, हादसे में चालक की मौत



**जांजगीर-चांपा।** झरप मोड के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सक्ती जिले की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छपोरा निवासी धनंजय सिदार अपने घर से ससुराल जा रहा था। इसी दौरान झरप मोड़ के पास पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क किनारे गिर गया। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जहां यह हादसा हुआ, वह क्षेत्र काफी घुमावदार है और तेज गति में वाहन चलाने पर यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। घटना के समय आसपास मौजूद लोगों ने युवक को खेत के पास गंभीर हालत में पड़ा देखा, जिसके सिर और चेहरे पर गहरी चोटें थीं और काफी खून बह चुका था। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हसौद थाना प्रभारी राजेश पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### राहौद डकैती कांड में फरार चल रहे दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** राहौद में दिन दहाड़े घर से लगे ज्वेलरी शॉप में घुसकर सामान पार करने के साथ दंपत्ति से बेरहमीपूर्वक मारपीट करने के मामले में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में एक आरोपी को पहले ही पकड़ा जा चुका है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुदीप कुमार निवासी राहौद थाना शिवरीनारायण के घर से लगे दुकान में चार डकैतों ने धावा बोल दिया था। 19 मार्च की सुबह करीब 8 बजे सुदीप अपने मकान से नीचे उतर कर नीचे का दरवाजा खोलकर अंदर गया। उसी समय बजे चार व्यक्ति दरवाजा के अंदर घुसे थे। वे मकान के अंदर रखे दो एप्पल के मोबाइल कीमत 80 हजार रुपए ओर एक नग सेमसंग मोबाइल कीपैड कीमत 1 हजार रुपए एवं काउंटर से अन्य सामान चोरी किए थे। प्रार्थी की नजर पडते ही आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। वे प्रार्थी को बलपूर्वक घर के भीतर कमरे की ओर ले गए और उसकी पत्नी को भी कमरे में बंद करने की कोशिश करने लगे।

## निधन

### श्रीमति मीरा देवी



**कटघोरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं अग्रवाल सभा कटघोरा के संरक्षक सत्यनारायण धनोंदिया के अनुज रामनिवास धनोंदिया की 70 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमति मीरा देवी का आज आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 28 मार्च को सुबह 9 बजे स्थानीय मलदाघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## रामनवमीं पर जगह जगह निकली भव्य शोभायात्रा

# रामजी की निकली सवारी, बोले जय विष्णु अवतारी की...



रैली में शामिल श्रद्धालु।



कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम नवमीं के अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के मुख्य मार्ग रामधुन से गूंजते रहे। राम जी की निकली सवारी बोलो जय विष्णु अवतारी की गीतों के साथ शोभायात्रा में शामिल आम नगरवासी झूमते चले जा रहे थे। गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा का मुख्य मार्गों में जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा को लेकर मुख्य मार्गो व चौक चौराहों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

चैत्र नवरात्र की नवमीं के साथ 9 दिनों तक चलने वाली आदिशक्ति का आराधना का पर्व समाप्त हो गया। वहीं इस अवसर पर भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में आम नगरवासी शामिल थे। शहर के उपनगरीय क्षेत्र बालकोनगर में शोभायात्रा आतिशबाजी व गाजे बाजे के साथ अंबिका मंदिर क्षेत्र से निकाली गई जो भदरापारा रिसदा पाड़ीमार गायत्री मंदिर रोड का भ्रमण करती हुई बालकोनगर के मुख्य मार्ग से होकर सेक्टर-5 स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में जाकर समाप्त हुई। जहां पूजा आरती के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में आम नगरवासी शामिल हुए। इसी तरह कुसमुण्डा क्षेत्र में भी रामनवमीं के अवसर पर गाजे बाजे और विभिन्न झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो नरईबोध बस्ती कुसमुण्डा आदर्श नगर एसईसीएल कालोनी के मुख्य मार्गों से होते हुए गेवरा बस्ती मंदिर में जाकर समाप्त हुई।

### मड़वारानी मंदिर में हुआ विसर्जन



आदि शक्ति पर्वतवासिनी माता मड़वारानी दाई मंदिर पहाड़ ऊपर मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति चैत नवरात्रि पर्व पर कलश विसर्जन किया गया। मांदर के धुन से सोन नदी में बड़ी धूमधाम से कलश विसर्जन किया गया ।इस कलश विसर्जन को दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन पहुंचे थे। समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि माता मड़वारानी दाई की नवमी के दिन सुबह पूजन, हवन, कन्या भोजन ,भोग भंडारा के साथ माताओं को कलश विसर्जन के लिए माता का प्रसाद स्वरूप वस्त्र साड़ी, वितरण कर विसर्जन करने वाद्ययंत्रों मदार की थाप निशान से साथ के साथ पहाड़ के नीचे नदी मड़वारानी नीचे में विसर्जन किया गया इस अवसर पर समिति के पुजारी रूप सिंह,व्यवस्थापक संतोष सोनी, भारत लाल, जेठू सिंह, सीताराम, मनोहर, वैभव साहू, परमेश्वर , प्रशांत साहू, निखिल ,नंदकिशोर, दीपक साहू, जय साहू, अनिल साहू,पांडु, कुशल, संदीप, सहित समिति के पदाधिकारी माता सेवक गण उपस्थित रहे।

### पूर्वमंत्री ने रामजानकी मंदिर में पूजा



रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित भव्य भंडारा कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सहभागिता निभाई। उन्होंने बुधवारी बाजार स्थित राम जानकी मंदिर तथा साडा कॉलोनी, जमनीपाली स्थित सर्व देव शिव मंदिर में आयोजित भंडारे में पहुंचकर पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके आगमन पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य एवं प्रभावशाली नागरिकों ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। श्री अग्रवाल ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें रामनवमी की शुभकामनाएं दीं तथा इस तरह के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को समाज में एकता, सद्भाव एवं सेवा भावना का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त करने के साथ-साथ समाज में भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। श्री अग्रवाल ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

### श्री रामनवमी पर पाली में निकली भव्य शोभायात्रा



नगर पंचायत पाली में श्री रामनवमी का पर्व धूमधाम से हर्ष और उल्लास के साथ मनाने की जोर-शोर से तैयारी की गई और शुक्रवार को नगर में दिव्य और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर पंचायत पाली में पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी पर्व पर ऐतिहासिक शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। नगर के चौक चौराहे पर आकर्षक सज्जा की गई। बंदनवार, विद्युत सज्जा, तोरण,झंडे, टैंट आदि से सजावट किया गया। शोभायात्रा में इस वर्ष शिव डमरू दल मध्य प्रदेश और बस्तर नाच सुकमा विशेष आकर्षण रहे। इसके अलावा डबल डीजे, राज्य की सांस्कृतिक सभ्यता से परिपूर्ण लोक संगीत नृत्य आदि की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही भगवान श्री राम दरबार की जीवंत झांकी रथ मे सवार रही। शोभा यात्रा की शुरुआत श्री जला (राम) मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ दोपहर 3 बजे निकाली गई और इसका समापन पूरे नगर भ्रमण पश्चात शिव मंदिर चौक पर हुआ। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं भक्तों के लिए विभिन्न प्रकार के प्रसाद, जलपान, शरबत आदि की व्यवस्था की गई जिसमें समस्त क्षेत्रवासियों शामिल हुए।

### ग्राम बेलाकछार में हुआ कन्या भोज



ग्राम बेलाकछार बालकोनगर में दुर्गा मंदिर शुक्रवार नवमी तिथि मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के साथ कन्या भोजन कराया गया। जिसमें मां के नौ रूप देखने को मिला शैलपुत्री माता, ब्रह्मचारिणी माता, चंद्रघंटा माता, कुष्मांडा माता, इस्कॉन माता, कात्यानी माता, कालरात्रि माता, महागौरी माता, सिद्धिदात्री माता, मां के नौ रूपों का दर्शन मिला।

### भक्ति के रंग में डूबा ढोढीपारा, नवरात्रि पर बही आस्था की बयार

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के सीएसईबी कॉलोनी और ढोढीपारा क्षेत्र में भक्ति और शक्ति की अनूठी छटा देखने को मिली। इन क्षेत्रों में आस्था, भक्ति एवं सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक लोग माता की भक्ति में लीन रहे। ढोढीपारा में आयोजित भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संजु देवी राजपूत उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जिला मंत्री नरेंद्र देवांगन तथा जिला संयोजिका डॉ. अंजना सिंह की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका डॉ. अंजना सिंह द्वारा विभिन्न कीर्तन मंडलियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वार्ड क्रमांक-17 में आयोजित कार्यक्रम में भी अंजना सिंह की विशेष उपस्थिति रही। माँ काली सिद्ध धाम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पार्षद नंदकिशोर श्रीवास्तव, लक्ष्मण श्रीवास, पूर्व पार्षद धन सहाय साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिरकत की।

## स्काउट गाइड ने शुरू किया प्याऊ घर शरबत और गुड़ चना का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शुक्रवार को रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा कलेक्टोरेट मार्ग पर प्याऊ घर के माध्यम से जलसेवा कार्य का शुभारंभ किया गया। नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 37 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती ममता यादव द्वारा फीता काटकर प्याऊ घर का विधिवत शुभारंभ किया गया। राहगीरों को शीतल पेय, शरबत तथा गुड़-चना का वितरण किया गया।

पार्षद श्रीमती ममता यादव ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के इस सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि पानी पिलाना एक पुण्य का काम होता है। इस तरह के सामाजिक सरोकार वाले कार्य निरंतर होते रहना चाहिए। जिला संगठन आयुक्त (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी ने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार कोरबा सहित राज्य के सभी जिलों में एक माह के लिए प्याऊ घर प्रारंभ किए जा रहे है। कोरबा शहर के अन्य स्थानों



तथा विकासखंड और विद्यालयों की इकाइयों द्वारा भी प्याऊ घर शुरू किए जाएंगे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा द्वारा ग्रीष्म ऋतु में हर साल प्याऊ घर स्थापित किए जाते हैं। प्याऊ घर के शुभारंभ अवसर पर डीटीसी (गाइड) गनेशी सोनकर, गाइड केप्टिन पूर्णिमा भट्टाचार्य, रोवर लीडर राजीव कुमार साहू, जगन्नाथ सिंह नेताम, मनराखन अगरिया, कब मास्टर मेषराम पटेल, गाइड केप्टिन अंकिता सामल, जिला युवा समिति के अध्यक्ष पप्पू चन्द्रा, सीनियर रोवर संदीप ठाकुर, सीनियर रेंजर अंकिता पाण्डेय सहित स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स आदि की उपस्थिति रही।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले के बॉक्सरों ने जीते 1 स्वर्ण, 3 रजत व 2 कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा भिलाई में आयोजित 17वी राज्य स्तरीय यूथ बॉक्सिंग एवं जूनियर बालक/बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि 21 से 23 मार्च तक जवाहर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स वार्ड नंबर 14 हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई में आयोजित हुई । छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं निगम के सभापति नूतन सिंह के मार्गदर्शन में एवं जिला बॉक्सिंग संघ के सह सचिव एवं कोच अजीत शर्मा ने बताया कि कोरबा जिले से ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी, दीपका, कुसमुंडा से कुल 12 बॉक्सर्स ने इस प्रतियोगता में भाग लिया । जिसमें



जूनियर बालक/बालिका वर्ग में युवराज केवट 66- 70 किलोग्राम ( स्वर्ण पदक), नरेंद्र कश्यप 54-57 किलोग्राम ( रजत पदक) , विभा मिश्रा 46-48 किलोग्राम ( रजत पदक) , यूथ बॉक्सिंग महिला कु रागनी 65-70 किलोग्राम ( रजत पदक) , खुशबू राठी 48-51 किलोग्राम (कांस्य पदक)यूथ बॉक्सिंग पुरुष नैतिक शर्मा 55-60 किलोग्राम (कांस्य पदक) प्राप्त किया ।जिसमें यूथ बॉक्सिंग पुरुष आदित्य रंजन, जूनियर बालक में दक्ष वीर दीवान,नमन प्रजापति , विनीत यादव ,रौनक रजक ,जिनका खेल में प्रदर्शन अच्छा रहा । जिसमें कोरबा जिले से जूनियर वर्ग बालक में युवराज केवट का चयन राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ । जो 4 अप्रैल से 11 अप्रैल तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं निगम के सभापति नूतन सिंह, कोच लल्लू यादव,बॉक्सिंग कोच एवं सह सचिव अजीत शर्मा, कोच महेश देवांगन शुभम प्रजापति, ईश्वर दास,हरीश यादव, कोच मोहम्मद आरिफ,सहायक कोच अनुज अग्रवाल, महिला कोच पूजा मिश्रा, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल, रिंकू साहू , राहुल दास, हर्ष यादव, शेन एलेक्स, प्राची राठौर आदि सभी ने सभी बॉक्सर्स को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, मलेरिया, कुष्ठ, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, एचआरपी (उच्च जोखिम गर्भवती), मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी, एनक्यूएएस, आरबीएसके, एनआरसी तथा अन्य विभागीय कार्यक्रमो, डीएमएफ के स्वीकृत कार्यो एवं आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिले, सभी अस्पताल नियत समय पर संचालित हों तथा चिकित्सकीय स्टाफ की उपस्थिति नियमित और अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए



कलेक्टर ने एनएचएम के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही डीएमएफ से नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सेवाओं का पूर्ण और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्रो में लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट के पदों पर भी जल्द से जल्द कर्मचारियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने संदिग्ध मरीजों की जांच और उपचार में तेजी लाने एवं लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने निक्षय मित्र नियुक्ति मे गम्भीरता से प्रगति लाने एवं आमजनों में स्क्रीनिंग बढ़ाने निर्देशित किया। एनआरसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने केंद्रों में शत-प्रतिशत बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने तथा भर्ती हितग्राहियों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही एवं मृत्यु दर में कमी लाने हेतु ठोस कदम उठाने, संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने और प्रभावित परिवारों को समुचित परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। भवनविहीन स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण, जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार, सीपेज प्रभावित भवनों की छतों के सुधार तथा बाउंड्रीवॉल, बोरवेल सहित अन्य अधोसंरचना से जुड़े प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए इन कार्यों का निर्माण एजेंसी से परीक्षण करा प्राथमिकता से स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सर्वसुविधायुक्त आश्रयालय का उद्योग मंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में मेडिकल कॉलेज अस्पताल को 4.50 करोड़ रुपये की अत्याधुनिक जांच मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। 50 बिस्तर क्षमता वाला क्रिटिकल केयर यूनिट 16.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन है, जो शीघ्र ही पूर्ण होगा। इसी प्रकार कैजुअल्टी भवन के ऊपरी तल पर शव बिस्तरों वाले नए वार्ड का निर्माण लगभग 3 करोड़ रुपये में जारी है। गर्मी से मरीजों व परिजनों को राहत दिलाने के उद्देश्य से



अस्पताल में 83 एयर कंडीशनर लगाए जा रहे हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल एसईसीएल के सीएसआर मद से 61.82 लाख रुपये की लागत से निर्मित सर्वसुविधायुक्त आश्रयालय के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि 40 बिस्तरों की क्षमता वाला आई वार्ड लगभग 1 करोड़ 21 लाख रुपये की लागत से जल्द प्रारंभ किया जाएगा। नवजात शिशुओं हेतु 6 बिस्तरों का विशेष वार्ड तैयार किया गया है। साथ ही सीएसआर एवं डीएमएफ फंड से सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन की खरीद की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके बाद जिलेवासियों को अत्याधुनिक उपचार सुविधाएँ मिलेंगी।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए ऑनलाईन आवेदन 1 अप्रैल तक

जांजगीर-चांपा। भारतीय थल सेना कार्यालय द्वारा अग्निवीर में भर्ती हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन एवं पंजीयन हेतु 1 अप्रैल निर्धारित है। निर्धारित समयसीमा में आवेदन करने वाले युवाओं को कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ

## खबर संक्षेप



### अधिवक्ता परिषद का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

**कोरबा।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय लाभांडी रायपुर में शनिवार को अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन हुआ। उक्त अधिवेशन में कोरबा इकाई से इकाई के संरक्षक मनोज कुमार राठौर, इकाई के जिला अध्यक्ष राज कुमार अज्ञेय, इकाई के जिला मंत्री अनिष कुमार सक्सेना, सह मंत्री दिनेश कुमार सिंह तथा न्याय केंद्र प्रमुख राम वल्लभ पांडे उपस्थित हुए। उक्त अधिवेशन छत्तीसगढ़ राज्य के विधि मंत्री गजेंद्र यादव, एसीपी साइबर क्राइम दिनेश पटेल, प्राध्यापक विधि नरेंद्र करवंदे, पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री नीरज शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री विक्रम दुबे तथा प्रांत संयोजक प्रदीप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### चाकूबाजी की घटना में तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में दो दिनों पूर्व डीजे में नाचने के दौरान हंगामा और चाकूबाजी की घटना सामने आयी थी जहां प्रार्थी संदीप भास्कर की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 109(3), 296, 351(3), 115(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। शुक्रवार को नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल व उनकी टीम ने चाकूबाजी की घटना में शामिल मोती सागरपारा निवासी संतोष बाबा पिता पंचराम वैष्णव, उम्र 18 वर्ष, शिव यादव पिता छोटेलाल, उम्र 20 वर्ष और पुरानी बस्ती निवासी पुरुषोत्तम सोनी उर्फ पांडू पिता जयराम, उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### चौपाटी से दो सिलेंडर ले भागे चोर, मामला दर्ज

**कोरबा।** शहर के घंटाघर स्थित गढ़कलेवा चौपाटी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात गैस सिलेंडर चोरी की घटना सामने आयी है। जहां मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामले की जांच शुरु कर दी है। चौपाटी संघ के अध्यक्ष रवि वर्मा ने बताया कि गढ़कलेवा चौपाटी में 60 से अधिक दुकानें संचालित हैं, जिनसे कई परिवारों का जीवन-यापन जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि रोज की तरह दो दुकान संचालक अपने दुकान में गैस सिलेंडर सहित अन्य सामानों को ताला बंद कर अपने घर गये थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर की चोरी की है। सिविल लाईन थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि मामले की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही है।

### चलती ट्रेलर में लगी आग, चालक परिचालक बचे बाल बाल



**कोरबा।** नेशनल हाईवे पर एक चलती ट्रेलर में अचानक आग लग गई। जैसे ही आग लगने की जानकारी चालक को हुई उसने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना कटघोरा बिलासपुर हाईवे में डूमरकछार के समीप घटना हुई है। एक चलती हुई ट्रेलर में अचानक आग लग गई जैसे ही आग लगने की जानकारी चालक को मिली उसने देर नहीं करते हुए तत्काल वाहन को रोककर वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। फिलहाल इस घटना में किसी की को चोट नहीं आई है।

## किसान सहित आम ग्राहक भी नहीं निकाल पा रहे पैसा

# समस्या : सहकारी बैंक में डेढ़ माह से चेकबुक की बनी हुई है किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले में संचालित जिला सहकारी बैंक की सभी 8 शाखाओं में बीते डेढ़ माह से चेकबुक की किल्लत होने के कारण किसानों के साथ आम ग्राहक भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं । सभी ब्रांचों में एटीएम की सुविधा नहीं होने का खामियाजा भी ग्राहकों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। 8 ब्रांच वाली बैंक की दो शाखा कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा में ही एटीएम की सुविधा संचालित है। शेष 6 ब्रांच आज भी बिना एटीएम के चल रहे हैं।

किसानों का प्रमुख बैंक होने के कारण जिला सहकारी बैंक में जिस तरह की बैंकिंग सुविधाएं किसानों और आम ग्राहकों को बैंक प्रबंधन की ओर से मिलनी चाहिए वैसी सुविधाओं के लिए इन्हें मोहताज होना पड़ता है। धान खरीदी के दौरान किसानों को करोड़ों का भुगतान करने वाली जिला सहकारी बैंक अपना स्वयं का भवन भी नहीं बना सकी है। किराये के भरोसे चलने वाली इस बैंक में इस समय बीते डेढ़ माह से चेक बुक की किल्लत देखी जाती है। जबकि वर्तमान में राज्य सरकार के द्वारा धान खरीदी सीजन की अंतर की राशि हाल ही में बैंकों को जारी की गई किंतु इस समय ना तो किसानों के पास चेकबुक है और ना ही बैंक प्रबंधन के पास चेकबुक है। जबकि सर्वाधिक लेन देन बैंक का चेक के माध्यम से होता है। बैंक प्रबंधन के अनुसार 50 प्रतिशत ग्राहक और किसान चेकबुक का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से उन्हें लेनदेन मे दिक्कतें आ रही हैं। बताया जाता है कि बैंक के संभागीय मुख्यालय से ही चेकबुक की आपूर्ति जिले के सहकारी बैंक प्रबंधन को नहीं किए जाने के कारण बैंक प्रबंधन सहित किसान और आम ग्राहक दोनों ही परेशान होते हैं।

### यहां संचालित हैं बैंक की शाखाएं

जिले में कोरबा मुख्य शाखा के अलावा कटघोरा, पोड़ी उपरोड़ा, पाली, हरदीबाजार, बरपाली, बालको, एनटीपीसी में शाखा संचालित हैं। इनमें बालको और एनटीपीसी की बैंक शाखा डिपॉजिट शाखा है। यहां धान खरीदी का भृगतान की सुविधा नहीं है किंतु नगरीय क्षेत्र होने के कारण इन दोनों क्षेत्रों में आम ग्राहकों की संख्या ज्यादा है। जिनमें व्यापारी और औद्योगिक संयंत्रों में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं।

### करतला में नहीं खुली बैंक की शाखा

जिला सहकारी बैंक की एक शाखा करतला ब्लॉक में खोले जाने का प्रस्ताव पिछले कांग्रेस कार्यकाल के समय तैयार किया गया था और इसकी घोषणा भी की गई थी किंतु आज तक करतला जैसे बड़े ब्लाक में जिला सहकारी बैंक की शाखा शुरु नहीं हो सकी है। करतला क्षेत्र के किसानों को भुगतान के लिए बरपाली सहकारी बैंक जाना पड़ता है। जिले की सभी सहकारी बैंक की शाखाओं में सबसे अधिक भुगतान बरपाली ब्रांच से ही होता है। चेकबुक नहीं होने से सबसे बड़ी समस्या इस ब्रांच में ज्यादा हो रही है।

## उद्योग मंत्री व महापौर ने कोलमैन की प्रतिमा का किया अनावरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में सौदंर्यीकरण को नित नया आयाम दिया जा रहा है। श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दर्री बराज पुल के समीप कोलमैन की प्रतिमा का अनावरण किया। तो वहीं सिविल लाईन में मिनी गार्डन का लोकार्पण भी किया गया। इसी प्रकार पुष्पलता उद्यान के सामने सड़क डिवाईडर प्लांटेशन जनसेवा में समर्पित हुआ।

नगर निगम द्वारा शहर की व्यवस्थाओं का सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ शहर का सौदंर्यीकरण कर इसे संजाने, संवारने की दिशा में नित नये आयाम स्थापित किये जा रहे हैं, एक ओर जहॉ शहर की स्वच्छता पर पूरा फोकस रखा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर थीम आधारित पेंटिंग, चित्रकारी, लघु उद्यानिकी थीम आधारित रोड साईड प्लांटेशन पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम द्वारा दर्री बराज पुल के समीप कोलमैन की प्रतिमा स्थापित कराई गई है, जिसका अनावरण उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं श्रीमती राजपूत के हाथों किया गया। इसी प्रकार निगम द्वारा सिविल लाईन में निगम आयुक्त के बंगले के समीप मिनी गार्डन बनाया गया है, जिसका लोकार्पण भी उद्योग मंत्री व महापौर के करकमलों से सम्पन्न हुआ। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर के रोड डिवाईडरों में मल्टीकलर फूलों के पौधे रोपित कर डिवाईडरों को मल्टीकलर फूलों से सजाने संवारने का कार्य भी हो रहा है, इस कड़ी में निगम द्वारा सुभाष चौक पुष्पलता उद्यान से कोसाबाड़ी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित रोड डिवाईडर में इमोजी थीम के अंडाकार गमलों में वोगनबेलिया तथा यूफारविया मल्टीकलर फूलों के पौधे लगाये गये हैं, इन्हें भी जनसेवा में समर्पित किया गया।

## ढपढप में उमड़ा आस्था का सागर, 21 हजार महिलाओं की भव्य कलश यात्रा से गूंज उठा पूरा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलश शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

जिले के समीप स्थित ढपढप क्षेत्र में शुक्रवार का दिन आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया, जब दिव्य श्री हनुमंत कथा के शुभारंभ के उपलक्ष्य में करीब 21 हजार महिलाओं ने एक साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया। यह दृश्य इतना अलौकिक और मनोहारी था कि जहां तक नजर गई, वहां सिर्फ श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की झलक दिखाई दी।

पीले वस्त्रों में सुसज्जित महिलाओं ने सिर पर पवित्र कलश धारण कर जैसे ही यात्रा प्रारंभ की, पूरा ढपढप क्षेत्र जय श्री राम, बोलो पवनपुत्र हनुमान की जय और जय बजरंगबली के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ती इस विराट यात्रा ने हर किसी के मन में भक्ति का संचार कर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा क्षेत्र किसी दिव्य आध्यात्मिक महोत्सव का साक्षी बन गया हो। कलश यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा भर नहीं रही, बल्कि यह आस्था, नारी शक्ति, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के गौरव का भी भव्य प्रतीक बनकर उभरी। हजारों महिलाओं की एक साथ उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि जब समाज की मातृशक्ति धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए एकजुट होती है, तब पूरा वातावरण दिव्यता से भर उठता है। इस ऐतिहासिक यात्रा में दूर-दराज के गांवों और क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत, पुष्पवर्षा और सेवा की झलक देखने को मिली, जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। हर चेहरा उत्साह, श्रद्धा और आनंद से दमकता नजर आया। आयोजन के दौरान सुरक्षा, यातायात और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे इतनी विशाल संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बावजूद कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफल रहा। आयोजन समिति, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की सजगता ने इस भव्य आयोजन को और भी अनुकरणीय बना दिया। दिव्य श्री हनुमंत कथा के शुभारंभ से पहले निकली यह कलश यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से ऐतिहासिक रही, बल्कि इसने यह भी साबित कर दिया कि कोरबा की धरती पर सनातन संस्कृति की जड़ें कितनी गहरी और मजबूत हैं। ढपढप क्षेत्र में उमड़ी यह आस्था आने वाले दिनों में होने वाली कथा को लेकर लोगों के उत्साह और श्रद्धा का जीवंत प्रमाण बन गई है।

### बागेश्वर सरकार कथा के लिए रोड मैप जारी



कोरबा-पश्चिम में बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप के विशाल मैदान में बाबा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा के लिए जिला व पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा और आवागमन की व्यवस्था के मद्देनजर पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला पुलिस ने कथा स्थल तक आने-जाने का मार्ग से लेकर पार्किंग और प्रतिबंधित मार्ग के संबंध में रोडमैप (रूट चार्ट) जारी कर दिया है। जिसमें 6 स्थानों पर यातायात डायवर्सन प्वाईंट बनाया गया है जिसमें सुतर्रा तिराहा लखनपुर पेट्रोल पंप के पास, दीपका तिराहा, जेंजरा चौक, चक चकवा बाईपास, इमलाछापर कुसमुंडा शामिल है। जबकि वीवीआई पार्किंग ढपढप मैदान को बनाया गया है। सामान्य पार्किंग की व्यवस्था के लिए कोसाबाड़ी ढपढप, जमनीमुड़ा रोड ईंटभट्ठा, डीपी पेट्रोल पंप को बनाया गया है। जबकि भारी वाहन हेतु प्रतिबंध क्षेत्र बांकी दो नंबर, बस्ती पीपल पेड़ के पास, सिंघाली खदान गेट के पास को प्रतिबंधित किया गया है।

## श्री अग्रसेन स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में विगत दिनों स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती एवं महाराज श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के वरिष्ठ सदस्य मदन लाल अग्रवाल अग्रवाल अग्रवाल सभा के सचिव गोपाल अग्रवाल, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, सचिव त्रिलोकी नाथ बजाज विद्यालय प्राचार्य भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुकेश गोयल एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मदन लाल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन द्वारा सफल छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि अगर आपके हौसले बुलंद तो आसमान को छूने की हिम्मत रखी जा सकती है। विद्यालय प्राचार्य ने अपनी शुभाशीष देते हुए कहा कि आप छात्रगण कर्मठ एवं तन्मयता के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास करेंगे तो कुछ भी असंभव नहीं है। आने वाले समय मंय यह विद्यालय गगनचुंबी उंचाईंयों तक पहुंचाया जाएगा। श्री अग्रसेन शिक्षण समिति अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अग्निवीर भर्ती हेतु निःशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा आयोजित किया जाना संभावित है। जो आवेदक लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग प्राप्त करना चाहते हैं वे भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन पश्चात रोजगार विभाग के वेबसाईट पर अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सहित आवेदन रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकते है।

### ट्रक चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**कोरबा।** मानिकपुर रेलवे फाटक के समीप में आने से बाइक सवार युवा की मौत हो गई है। मामले पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चलाक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दादर निवासी हनुमानदिन प्रजापति अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से सीतामणी आया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मानिकपुर फाटक के समीप खड़ा हुआ था। फाटक खुलने पर हनुमान बाइक से जा रहा था कि इसी दौरान एक ट्रक की चपेट में आ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय राजगीरों की मदद से हनुमान दिन को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की पाली में एजेंसी देना है।
इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि ) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा
मो. 7581808267, 7049267780

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## चर्चा के बाद 13 भूविस्थापितों को तत्काल व शेष को 8 अप्रैल तक रोजगार का मिला आश्वासन

# भूविस्थापितों ने गेवरा खदान व पीएनसी कार्यालय में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




धरना प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

एसईसीएल गेवरा परियोजना के प्रभावित ग्राम नरईबोध और गेवरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी पुनर्वास, मुआवजा, बसाहट और वैकल्पिक रोजगार सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर गेवरा खदान और आउटसोर्सिंग कंपनी पीएनसी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। भूविस्थापितों के आंदोलन से पीएनसी कार्यालय में कामकाज ठप्प पड़ गया। इस दौरान परियोजना का कार्य लगभग 4 घंटे तक बाधित रहा। हालांकि चर्चा के बाद पीएनसी कंपनी में 13 भूविस्थापितों को तत्काल रोजगार मुहैया कराने व शेष भूविस्थापितों को 8 अप्रैल तक आउट सोर्सिंग के जरिए रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आंदोलन के दौरान भूविस्थापितों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल और सीआईएसएफ के जवान मुस्तैद रहे। सूचना मिलने पर आंदोलन को समाप्त कराने के लिए तहसीलदार और एसईसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे ग्रामीणों व कंपनी प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच लंबी चर्चा हुई। बातचीत के दौरान पीएनसी कंपनी में 13 भू-विस्थापितों को तत्काल प्रभाव से रोजगार में बहाल करने का निर्णय लिया गया वहीं शेष 7 भू-विस्थापितों को उनका बी-फॉर्म और मेडिकल प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 8 अप्रैल तक कार्य पर रखने का लिखित आश्वासन दिया गया। एसईसीएल गेवरा के अधिकारियों और नायब तहसीलदार द्वारा लिखित में आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। आंदोलन के नेतृत्व कर रही गोमती केंवट ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी 20 लोगों की जॉइनिंग और अन्य मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो भविष्य में पुनः उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। समझौते के बाद खदान और पीएनसी कंपनी में कार्य पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411